हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 31 मार्च 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:-

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महावीर जयंती के अवसर पर गुजरात में गांधीनगर के कोबा में सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन किया।

2- श्री मोदी ने सभी से दस संकल्पों को अपनाने और उनके संरक्षण करने पर बल दिया।

3- केंद्र सरकार ने कल से शुरू हो रही जनगणना के पहले चरण के लिए 33 प्रश्न अधिसूचित किए।

4-मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भिवानी के तोशाम में उन्नत सिंचाई मेले का उद्घाटन और तोशाम हलके में 107 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत की 6 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

5- हरियाणा में गेहूं और अन्य रबी फसलों की खरीद कल से शुरू होगी।सरकार ने खरीद को लेकर सभी तैयारियां पूरी की।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महावीर जयंती के अवसर पर गुजरात में गांधीनगर के कोबा में सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन किया। यह संग्रहालय जैन इतिहास, सम्राट संप्रति के जीवन, उनके शासन और अहिंसा के संदेश को समर्पित है। श्री मोदी ने कहा कि कोबा तीर्थ स्थली आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत है।

*कोबा तीर्थ की स्थली आध्यात्मिक शांति से ओतप्रोत है, जिस स्थान की ऊर्जा ऐसी अलौकिक हो वहां सृजन और सेवा यह अपने आप प्रस्फुटित और संचालित*

*होते हैं। कोबा तीर्थ में कैसे अध्ययन, साधना और संयम के सतत परंपरा चली आ रही यहां मूल्य का संरक्षण होता है संस्कारों को संबल मिलता है और विज्ञान का पोषण होता है। यह त्रिवेणी भारतीय सभ्यता का आधार है।*

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभी से दस संकल्पों को अपनाने और उनके संरक्षण करने पर बल दिया।

*पहले संकल्प पानी बचाने का, दूसरा एक पेड़ मां के नाम, तीसरा स्वच्छता का मिशन, चौथा वोकल फॉर लोकल, 5वां देश दर्शन, छठा नेचुरल फार्मिंग को अपनाना, सातवां हेल्दी लाइफ इस्टाइल को अपनाना, आठवां योग और खेल को जीवन में लाना, नौवां संकल्प है गरीबों की सहायता का संकल्प और दसवा संकल्प आप सभी ने स्वयं से जोड़ लिया है और वह है भारत की विरासत का संरक्षण।*

विश्व की वर्तमान स्थिति का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस संग्रहालय का संदेश पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महावीर जयंती के पावन अवसर पर भगवान महावीर को पुष्प अर्पित कर नमन किया। चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भगवान महावीर के उपदेश अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और आत्मसंयम आज भी प्रासंगिक हैं और मानव को सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे भगवान महावीर के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम, सहिष्णुता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दें।उन्होंने इस पावन अवसर पर सभी से अपने जीवन में अहिंसा और सत्य के मार्ग का पालन करने एवं समाज के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लेने की अपील की।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने कल से शुरू हो रही जनगणना 2027 के पहले चरण के लिए 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं।विश्व की यह सबसे बड़ी जनगणना दो चरणों में कराई जाएगी। पहली बार जनगणना डिजिटल रूप से कराई जाएगी। स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। जनगणना 2027 के तरीकों को लेकर महा पंजीयक और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय कुमार नारायण ने आकाशवाणी के पब्लिक स्पीक कार्यक्रम  में बताया कि यह जनगणना पिछली जनगणना से अलग है। उन्होने विदेश में रहने वाले भारतीयों की इस जनगणना में भागीदारी करने के तरीकों को भी स्पष्ट किया।

*अभी जो प्रथम चरण की हम बात कर रहे हैं। प्रथम चरण बेसिकली मकान की गणना और मकान सूचीकरण है इसमें अगर बाहर रहते हैं कोई फर्क नहीं पड़ता हम दूसरे चरण में जब एक व्यक्ति की गणना करते हैं तो उसमें जो बाहर रहने वाले हैं उनको एंबेसी के माध्यम से उनकी गणना कराने की व्यवस्था है।*

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज भिवानी के तोशाम में उन्नत सिंचाई मेले का उद्‌घाटन किया। उन्होंने विभिन्न उन्नत सिंचाई उपकरणों के  स्टॉलों का अवलोकन भी किया।इस तीन दिवसीय उन्नत सिंचाई मेले  का आयोजन जल संसाधनों का भरपूर प्रयोग करने के उद्‌देश्य से इरीगेशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया व इरीगेशन एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तोशाम हलके में 107 करोड़ 61 लाख  रुपये की लागत से बिजली, सिंचाई व अन्य विकास कार्यों से संबंधित  6 परियोजनाओं का उद्‌घाटन व शिलान्यास भी किया।जनसभा को संबोधित करते हुए  मुख्यमंत्री  ने कहा कि तोशाम हलके के विकास मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि  तोशाम  हलके में  पिछले 11 वर्षो के दौरान एक हजार 727 करोड़ 54 लाख की 258 परियोजनाओं को पूरा किया गया है।

इस मौके पर उन्होंने तोशाम के लिए करोड़ों रुपये की परियोजनाओं की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के पिता पूर्व कृषि मंत्री चौ. सुरेंद्र सिंह की 21वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किए।

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा में गेहूं और अन्य रबी फसलों की खरीद कल से शुरू होगी।हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि सरकार ने खरीद को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।श्री नागर ने बताया कि मंडियों में बायोमेट्रिक आधारित खरीद होगी, प्रक्रिया को सरल करने के लिये राज्य सरकार द्वारा स्वयं किसान या उनके द्वारा मनोनीत 3 लोगों में से केवल एक का ही बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। इस तरह उसे खुद खेत छोड़कर आना अनिवार्य नहीं होगा। इसके अलावा सभी मंडी स्थानों की जिओ फेंसिंग की गई है। इस सुविधा के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी गेट पास, नीलामी, जे फंड बनाने और उठान से संबंधित गतिविधियां केवल मंडी परिसर के भीतर की जाएँ और राज्य के किसान की फसल को कोई अन्य व्यक्ति के नाम पर फर्जी तरीके से बेच न सके।

किसानों को गेट पास जारी करते समय, वाहन के फोटो के साथ साथ वाहन नंबर देना भी अनिवार्य किया गया है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसलिये मंडी में फसल लेकर आने वाले वाहन पर नम्बर प्लेट न होने पर किसान अपने वाहन पर पेंट या हाथ से एक कागज पर लिख कर भी चिपका कर आ सकता है।साथ ही, निकास गेट पास (Exit Gate Pass) केवल तभी जारी किया जा सकता है, जब संबंधित वाहन मंडी के जियो-फेंस किए गए क्षेत्र के भीतर मौजूद हो।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

थानेसर अनाज मंडी में कल से गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंडी प्रशासन ने इस बार पारदर्शिता और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त नियम लागू किए हैं।गेहूं सरकार की और से घोषित

2585 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य  पर खरीदी जाएगी ।मार्केट कमेटी  सचिव हरजीत सिंह ने  बताया -

बायोमेट्रिक सुविधा के लिए मंडी में चार स्थान चिन्हित किए गए हैं, जिनमें मार्केट कमेटी कार्यालय, किसान सहायता केंद्र, मंडी धर्मशाला और निर्धारित दुकाने शामिल हैं।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------